दैनिक प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# ॐ क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

बर्ष :-02 अंक :-226 मुरादाबाद 13 December 2022 (Tuesday) पृष्ठः-08 मूल्य :- 3.00 रूपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## भूपेंद्र पटेल ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ, हर्ष संघवी-कनुभाई देसाई समेत ये होंगे मंत्री




गुजरात में नई सरकार में मुख्यमंत्री समेत 17 मंत्री होंगे। सोमवार को सीएम भूपेंद्र पटेल के शपथ लेने के बाद राज्य में कैबिनेट की स्थिति साफ हो गई। मुख्यमंत्री के अलावा राज्य में कई पुराने और नए चेहरों को मंत्रीपद दिया गया है। इनमें हर्ष सांघवी से लेकर परषोत्तम सोलंकी, कुंवरजीत पनसेरिया, कनुभाई देसाई जैसे नाम शामिल रहे। दूसरी तरफ कैबिनेट में एक महिला विधायक भानुबेन बाबरिया को भी शामिल किया गया है। शपथग्रहण के मौके पर पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद रहे।गुजरात में आज भूपेंद्र पटेल ने दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। भूपेंद्र पटेल के साथ 16 अन्य ने मंत्री पद की शपथ ली हैजिन अन्य विधायकों को पटेल कैबिनेट में जगह दी गई है, उनमें भावनगर ग्रामीण से विधायक परषोत्तम सोलंकी, डांग्स से विधायक मुकेश पटेल, बच्चूभाई खाबड़ और देवगढ़ बरिया से विधायक बच्चूभाई खाबड़ शामिल हैं।गुजरात में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नए कैबिनेट के लिए नामों का एलान हो रहा है। पटेल के बाद पारदी से विधायक कनुभाई मोहनलाल देसाई, राजकोट ग्रामीण से विधायक भानुबेन बाबरिया, संतरामपुर से विधायक कुबेर भाई डिंडोर, जसदान विधानसभा सीट से विधायक कुवंजरजील बावलिया ने शपथ ली। इसके अलावा माजुरा से विधायक हर्ष संघवी, निकोल विधानसभा से जगदीश विश्वकर्मा ने भी शपथ ली।भाजपा नेता ऋषिकेश पटेल को गुजरात में भूपेंद्र पटेल के कैबिनेट में जगह दी गई है। उन्होंने मंत्री पद की शपथ ले ली है।भूपेंद्र पटेल ने गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। इस मौके पर पीएम मोदी, अमित शाह और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री कार्यक्रम में मौजूद रहे।गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और क्छ्क नेता विजय रूपाणी ने शपथग्रहण समारोह से पहले कहा कि नए मंत्रिमंडल को राज्य के अलग-अलग हिस्सों से प्रतिनिधियों को साथ रखते हुए संतुलित किया गया है। सरकार इस मंत्रिमंडल के आधार पर विकास करेगी। अभी मंत्रिमंडल का पार्ट वन है बाद में इसका विस्तार होगा। 16-17 लोग शपथ ले रहे हैं।महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे. उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भूपेंद्र पटेल के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने अहमदाबाद पहुंची।गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अहमदाबाद हवाईअड्डे पर पहुंचे।गुजरात में भाजपा के टिकट पर विधायक चुने गए हार्दिक पटेल सोमवार को गांधीनगर में सीएम पटेल के शपथग्रहण में पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व जो भी तय करेगा वो गुजरात के भले के लिए होगा। हिस्सा लेने यहां पहुंचे। उन्होंने कहा कि गुजरात की जनता ने भाजपा का जिस तरह से सहयोग किया है उसके लिए मैं गुजरात की जनता को धन्यवाद करता हूं।गांधीनगर में भूपेंद्र पटेल गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में आज शपथ लेंगे जिसके मद्देनज़र हेलीपैड ग्राउंड में तैयारियां जारी हैं। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता भी एयरपोर्ट पहुंच गईं।

## देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था से जलते हैं कुछ लोग, लोकसभा में बोलीं वित्त मंत्री सीतारमण



सात दिसंबर से चल रहे संसद के शीतकालीन सत्र का आज 5वां कार्य दिवस है। संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही सुबह 11 बजे से जारी है। केंद्र सरकार इस सत्र के दौरान कम से कम 16 नए विधेयकों को पारित करने पर विचार कर रही है। समान नागरिक संहिता तैयार करने के लिए एक पैनल बनाने का प्रयास करने वाला एक विवादास्पद प्राइवेट मेंबर बिल शुक्रवार को राज्यसभा में पेश किया गया। वहीं लोकसभा में भारत-चीन सीमा मुद्दे और कर्नाटक-महाराष्ट्र विवाद पर हंगामा भी हुआ।देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था से जलते हैं कुछ लोग- निर्मला सीतारमण-लोकसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि दुख की बात है कि संसद में कुछ लोग देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था से जलते हैं। भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है लेकिन विपक्ष को इससे दिक्कत है।

भारत के विकास पर सभी को गर्व होना चाहिए लेकिन कुछ लोग इसे मजाक के रूप में लेते हैं। भारतीय रुपया हर मुद्रा के मुकाबले मजबूत- वित्त मंत्री सीतारमण ने आगे कहा कि भारतीय रुपया हर मुद्रा के मुकाबले मजबूत हुआ है। रिजर्व बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग किया है कि उसे यह सुनिश्चित करने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करना है कि डॉलर-रुपये में उतार-चढ़ाव बहुत अधिक न हो।

## डिंपल यादव को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दिलाई सांसद पद की शपथ



समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसद पद की शपथ दिलाई। आपको बता दें कि 8 दिसंबर को आए नतीजों में मैनपुरी सीट पर उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की थी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव संसद भवन पहुंचे हैं। मैनपुरी सीट से बंपर जीत के बाद सांसद डिंपल यादव के साथ अखिलेश यादव संसद भवन पहुंचे। डिंपल यादव शपथ लेने पहुंची। डिंपल यादव को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसद पद की शपथ दिलाई। सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की-द्वमैनपुरी, सपा का वह गढ़ जिसे समाजवादी पार्टी के गठन के बाद से लेकर अब तक कोई जीत नहीं कर पाया। वर्ष 1996 से लेकर अब तक समाजवादी पार्टी इस लोकसभा सीट पर काबिज है। उपचुनाव भले ही नेताजी मुलायम सिंह यादव के बिना लड़ा गया, लेकिन सपा ने इस चुनाव को नेताजी के नाम पर लड़ा। हर जनसभा में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रत्याशी डिंपल यादव ने जनता से नेताजी को श्रद्धांजलि देने की अपील की। मैनपुरी के मतदाताओं ने भी अपने नेता का सम्मान और जलवा दोनों ही बरकरार रखा। आपको बता दें कि 8 दिसंबर को आए नतीजों में मैनपुरी सीट पर उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की। मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव- सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने नया कीर्तिमान बनाया है। उन्होंने 2.80 लाख से अधिक वोटों से भाजपा के रघुराज सिंह शाक्य को हराया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ डिंपल यादव मैनपुरी लोकसभा सीट से पहली महिला सांसद बन गई हैं। भाजपा के रघुराज सिंह शाक्य समेत छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे सपा से डिंपल यादव और भाजपा के रघुराज सिंह शाक्य समेत छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे। गुरुवार की सुबह आठ बजे मतगणना शुरू हुई। शुरुआत से ही डिंपल यादव ने बड़ी बढ़त बना ली, जो मतगणना खत्म होने के बाद बड़ी जीत में बदल गई। डिंपल को 617625 वोट मिले, जबकि रघुराज सिंह को 329489 वोट मिले। इस तरह डिंपल ने 288136 वोटों से भाजपा प्रत्याशी को हरा दिया। बता दें कि 1996 के बाद मुलायम सिंह यादव ने मैनपुरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा और इसके बाद अब तक सपा कभी इस सीट से नहीं हारी।

# 10 हजार करोड़ की ठगी में शाइन सिटी के निदेशक राशिद नसीम को दुबई से भारत लाने की कार्यवाही शुरू



लखनऊ- 10 हजार करोड़ की ठगी में मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत वांछित मेसर्स शाइन सिटी व इसकी सहयोगी कंपनियों के निदेशक राशिद नसीम को जल्द दुबई से भारत लाया जाएगा। ईडी ने इसके प्रत्यर्पण की कार्यवाही शुरू कर दी है। ईडी के विशेष जज संजय शंकर पांडेय ने अभियुक्त राशिद नसीम के खिलाफ तब तक के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है, जब तक कि यह गिरफ्तार न हो जाए। राशिद नसीम के खिलाफ जारी होगा रेड कार्नर नोटिस- ईडी इस आदेश के बाद राशिद नसीम के खिलाफ रेड कार्नर नोटिस जारी कराने की प्रक्रिया में भी लग गई है। मेसर्स शाइन सिटी डेवलपर्स, मेसर्स शाइन सिटी बिल्डर्स, मेसस शाइन सिटी इरेक्टर व मेसर्स शाइन सिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों के निदेशक राशिद नसीम के खिलाफ ठगी के अब तक 412 एफआइआर दर्ज हुए हैं। यह साल भर में रकम दोगुना करने का झांसा देकर लोगों का पैसा अपनी कंपनियों मे निवेश कराता था। साथ ही अपनी कंपनी के जरिए लोगों से यह कहकर जमीन बेचता था कि साल भर बाद उस जमीन को दोगुने दाम पर उसकी कंपनी वापस खरीद लेगी। इस तरह करीब 10 हजार करोड़ की ठगी कर राशिद फरार है।जनवरी, 2021 में ईडी ने इस मामले में मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की। ईडी ने जांच के दौरान राशिद नसीम को कई दफा समन जारी किया, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुआ। मालूम हुआ कि वह नेपाल के रास्ते दुबई भाग गया है। ईडी की इस जांच के दौरान हाईकोर्ट ने भी इस मामले का संज्ञान लिया। ईडी की जांच में राशिद नसीम की 105 करोड़ की अचल संपत्ति का खुलासा हाईकोर्ट ने इस मामले में ईडी व उप्र पुलिस की (इकोनामिक्स ऑफेंस विंग) तथा भारत सरकार की सीरियस फ्राड इन्वेस्टिगेशन आफिस (एसएफआईओ) की एक कमेटी गठित की। यह कमेटी इस मामले की जांच कर अभियुक्त राशिद नसीम को भारत लाने का काम करेगी। उधर, ईडी की जांच में अभी तक राशिद नसीम की 105 करोड़ की अचल संपत्ति का खुलासा हुआ है। इसमें 36 करोड़ की संपत्ति जब्त भी हो चुकी है। ये संपत्तियां लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, फतेहपुर, जालौन, मिर्जापुर व गोरखपुर के अलावा भारत के अन्य इलाकों में हैं।

# मोदी की हत्या करने को तत्पर रहो वाले कांग्रेस नेता राजा पटेरिया के बयान पर बवाल, एफआइआर दर्ज

भोपाल- कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री राजा पटेरिया का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे कार्यकर्ताओं से यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि अगर संविधान बचाना है तो मोदी की हत्या करने को तत्पर रहो। इस वीडियो को भाजपा नेता राजपाल सिंह सिसौदिया ने सोमवार सुबह ट्विटर पर पोस्ट किया। पीएम मोदी पर इस तरह के बयान पर भाजपा की ओर से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस के असली भाव प्रकट हो गए। ऐसी चीजों को सहन नहीं किया जाएगा। एफआइआर दर्ज कर ली गई है, कानून अपना काम करेगा। कांग्रेस ने बयान से किया किनारा- उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का ढोंग करने वालों की असलियत सामने आ रही है। मोदी जी जनता के दिलों में बसते हैं। संपूर्ण देश की श्रद्धा और आस्था के केंद्र हैं। कांग्रेस के लोग मैदान में उनसे मुकाबला नहीं कर पाते हैं। इसलिए कांग्रेस के एक नेता मोदी जी की हत्या की बात कर रहे हैं। ये विद्वेष की पराकाष्ठा है, घृणा की अति है। हालांकि बयान वायरल होने के बाद राजा पटेरिया ने माफी मांगी है और कहा कि उनके बयान को तोड़मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया। उधर, कांग्रेस ने भी बयान से किनारा कर लिया। मालूम हो कि राजा पटेरिया पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री भी रहे हैं।कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में दिया विवादित बयान- भाजपा नेता राजपाल सिंह सिसौदिया ने ट्वीट कर कहा, यह कांग्रेस का असली चेहरा है। पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता राजा पटेरिया मोदी जी की हत्या का बयान देकर समाज को विभाजित कर भड़काऊ भाषण दे रहे हैं।गौर, राहुल कोठारी, नगर पालिका निगम परिषद के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी शामिल थे।प्रदेश की राजनीति में आया उबाल- डीजीपी को दिए ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री की हत्या की अपील करना भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर चुनौती देना है। देश में अराजकता फैलाने का षड्यंत्र और मध्य प्रदेश में उपद्रव और दंगा करवाने की साजिश है। मालूम हो कि राजा पटेरिया ने पन्ना जिले की पवई में कांग्रेस की एक बैठक में कहा था कि संविधान को बचाना है तो मोदी की हत्या करने को तत्पर रहो। इसको लेकर प्रदेश की राजनीति में उबाल आ गया है।इस बयान से कांग्रेस पार्टी को नहीं है इत्तेफाक- प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने बयान जारी कर कहा है कि राजा पटेरिया के बयान से पार्टी कोई इत्तेफाक नहीं रखती। उन्होंने कहा कि इस बयान से पार्टी को दूर रखना चाहेंगे। कांग्रेस पार्टी का जन्म अहिंसा की कोख से हुआ है

# वार्डवार आरक्षण सूची का निस्तारण कोई बदलाव नहीं

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- नगर पालिका भिनगा व नगर पंचायत इकौना में वार्डवार आरक्षण सूची का शासन की ओर से निस्तारण कर दिया गया है। जिसमें किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं हुआ। ऐसे में पूर्व में जारी आरक्षण सूची पर ही चुनाव कराया जाएगा।सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चंद आर्य ने बताया कि नगर पालिका परिषद भिनगा के 25 वार्ड व इकौना के 12 वार्ड के लिए आरक्षण सूची जारी की गई थी।

जिसको लेकर आईं आपत्तियों का निस्तारण कर दिया गया है। इस दौरान भिनगा के छह वार्ड अनारक्षित श्रेणी की महिला, एक अनुसूचित जाति महिला, दो पिछड़ा वर्ग महिला, तीन पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया था उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# एक बोटा सागौन लकड़ी के साथ 04 अभियुक्त गिरफ्तार





प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा जनपद मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी नगर/भिनगा श्री अतुल कुमार चौबे के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष सिरसिया पंकज कुमार मय टीम के द्वारा रात्रि गश्त के दौरान मुकदमा से संबन्धित 04 वांछित अभियुक्तगण 1- राजेश कुमार पुत्र कीर्तन 2. अजय पुत्र कंधई 3. सुरेश पुत्र छोटकन्ने निवासीगण मेढकिया थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती 4. अब्दुल रहीम शाह उर्फ अब्दुल पुत्र मूसे अली निवासी मधवापुर थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर ग्राम मेढकिया से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से एक बोटा सागौन लकड़ी बरामद की गई। राधेश्याम पांडे पुत्र पाटेश्वरी प्रसाद निवासी सेमरहना थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती की लिखित तहरीर बाबत चार बोटा सागौन की लकड़ी चोरी हो जाने के आधार पर थाना सिरसिया पर मुकदमा राजेश पुत्र कीर्तन आदि 08 नफर पंजीकृत कराया गया था। विवेचना उपनिरीक्षक सत्येंद्र नारायण राय चौकी प्रभारी धर्मनतापुर के द्वारा संपादित की जा रही थी जिस क्रम में 04 नफर अभियुक्तगण को दबिश देकर गिरफ्तार कर एक बोटा सागौन की लकड़ी बरामद किया गया।

# आईजीआरएस रैंकिंग सूची में जिले को मिला चौथा स्थान

प्रेमचंद जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती सरकार द्वारा आई0जी0आर0एस0 माह नवम्बर की रैंकिंग जारी की गयी है,जिसमें जनपद श्रावस्ती ने प्रथम बार टॉप-5 में अपनी जगह बनाते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया है।गौरतलब है,कि जिलाधिकारी श्रावस्ती नेहा प्रकाश द्वारा शासन की मंशानुरूप जनशिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निरंतर समीक्षा की जा रही है,तथा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है,कि प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की समस्या के समाधान का विशेष प्रयास किया जाय।शासन द्वारा प्रतिमाह जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आधार पर जनपदों की रैंकिंग जारी की जाती है।जिलाधिकारी श्रावस्ती नेहा प्रकाश के कुशल मार्गदर्शन में जनपद ने यह सफलता प्राप्त की है।शिकायतों के निस्तारण को अपने दैनिक कार्यों में सम्मिलित करें तथा किसी भी शिकायतकर्ता को बार-बार जिला मुख्यालय,तहसील मुख्यालय के चक्कर न लगाना पड़े,जनशिकायतों के निस्तारण की कार्यवाही निर्धारित तिथि के भीतर करते हुए,गुणवतायुक्त आख्या अपलोड करें, ताकि जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

# वार्षिक लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कार्यो में तेजी लाये-जिलाधिकारी

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कलेक्टेªट सभागार में आहूत बैठक में मुख्यमंत्री जी के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों के अन्तर्गत विद्युत, लोक निर्माण विभाग, सामुदायिक शौचालय, हैण्डपम्प रिवोर, आपरेशन कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, पेयजल मिशन, पेंशन, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, कन्या सुमंगला योजना, सामाजिक वनीकरण, कौशल विकास, शादी अनुदान, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, आदि की समीक्षा करते हुये लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पंचायतीराज विभाग के अन्तर्गत सामुदायिक शौचालय एवं पंचायत भवन निर्माण की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को नियमित मानीटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। मनरेगा में कुल सृजित मानव दिवस के सापेक्ष महिलाओं द्वारा सृजित मानव दिवस का प्रतिशत कम होने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को बढ़ाने के निर्देश दिए। कन्या सुमंगला योजना में ब्लाक स्तर पर आवेदन पेन्डिंग होने पर जिलाधिकारी ने पेन्डेन्सी खत्म करने के निर्देश दिए। कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत आवेदन कम होने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया है कि योजना का प्रचार-प्रसार कराये ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा सके। पेंशन योजनाओं के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने पेंशन धारकों को शत प्रतिशत फीडिंग करने तथा लम्बित आवेदनों को निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन के पेंशन संबंधी जो भी आवेदन आये उनको स्वीकृति प्रदान की जाये। जिलाधिकारी ने कन्या सुमंगला योजना एवं महिला पेंशन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकरियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर आवेदन लम्बित न रहें। योजना का लाभ सही ढंग से पात्रों तक पहुंचाया जाये। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि समन्वय बनाकर कार्य करें तथा कुछ नया कार्य करने की कोशिश करें ताकि पात्रों को लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कौशल विकास के अन्तर्गत अधिक से अधिक छात्राओं के प्लेसमेंट कराने पर जोर दिया जाये। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजनान्तर्गत लक्ष्य की प्राप्ति होने पर जिलाधिकारी ने कहा कि पोर्टल पर भी अपडेट कर दें। स्वरोजगार योजना में कार्य प्रगति खराब होने पर जिलाधिकारी ने प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ से सामुदायिक शौचालयों के निर्माण की स्थिति के बारे में जानकारी ली जिस पर डीपीआरओ ने बताया कि 641 में से 641 सामुदायिक शौचालय बनाये जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देश दिये कि हैण्डपम्प के रिवोर की गड़बडी को नियमित रुप से निरीक्षण करके कमियां दूर करें। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारी से लाइन लॉस के संबंध में जानकारी ली तथा लाइन लॉस को कम करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत कोशिश करें कि अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को आवासों से लाभान्वित किया जाये। जिलाधिकारी ने ज्वांइट कमिश्नर इंडस्ट्रिज को निर्देश दिये कि ओ0डी0ओ0पी0 के अन्तर्गत डेटा को निरन्तर अपडेट करते रहें तथा उद्योग बंधुओं की समस्याओं को निरन्तर समय रहते निस्तारण किया जाये। जिलाधिकारी ने नवनिर्मित राजकीय विद्यालय ठाकुरद्वारा के आने जाने के रास्ते को सही करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये। उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय पिपरी के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पंचायतीराज विभाग के अन्तर्गत सामुदायिक शौचालय एवं पंचायत भवन निर्माण की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को नियमित मानीटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। मनरेगा में कुल सृजित मानव दिवस के सापेक्ष महिलाओं द्वारा सृजित मानव दिवस का प्रतिशत कम होने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को बढ़ाने के निर्देश दिए। कन्या सुमंगला योजना में ब्लाक स्तर पर आवेदन पेन्डिंग होने पर जिलाधिकारी ने पेन्डेन्सी खत्म करने के निर्देश दिए। कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत आवेदन कम होने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया है कि योजना का प्रचार-प्रसार कराये ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा सके। पेंशन योजनाओं के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने पेंशन धारकों को शत प्रतिशत फीडिंग करने तथा लम्बित आवेदनों को निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन के पेंशन संबंधी जो भी आवेदन आये उनको स्वीकृति प्रदान की जाये। जिलाधिकारी ने कन्या सुमंगला योजना एवं महिला पेंशन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकरियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर आवेदन लम्बित न रहें। योजना का लाभ सही ढंग से पात्रों तक पहुंचाया जाये। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि समन्वय बनाकर कार्य करें तथा कुछ नया कार्य करने की कोशिश करें ताकि पात्रों को लाभान्वित किया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, ज्वाइंट मजिस्टेªट हर्षिका सिंह, ज्वांइट कमिश्नर इंडस्ट्रिज, जिला अर्थसंख्याधिकारी सहित जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, सहित लोक निर्माण, पंचायतीराज, शिक्षा, समाज कल्याण, प्रोबेशन, अल्पसंख्यक, वन, पिछडा वर्ग कल्याण, कौशल विकास, खादीग्रामोद्योग विभागों के अधिकारी अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# डीएसए येलो ने अपने नाम दर्ज की जीत

मुरादाबाद। डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर 19 इंटर क्लब टी-20 क्रिकेट लीग के दूसरे दिन आईएफटीएम विश्वविद्यालय में डीएसए येलो व संभल के बीच मुकाबला खेला गया। संभल टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी। पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में संभल 136 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए ब्रजेश सिंह ने 40, शिवम गुप्ता ने 34, कासिम ने 32 रन बनाये। डीएसए येलो के लिए गेंदबाजी करते हुए मनी चौधरी ने 3, वंश विश्नोई , सिद्धार्थ चौधरी ने 2-2 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीएसए येलो की टीम ने छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। टीम के लिए मोनू चौहान ने 44, रितिक सरन ने नवाद 43 रन बनाये। संभल के लिए गेंदबाजी करते हुए रॉबिन, गगन ने 2-2 विकेट लिए। डीएसए येलो ने 4 विकेट से जीत दर्ज कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। अंपायर की भूमिका में सतेंद्र सिंह और जेपी सिंह रहे। मैच के दोरान पूर्व रणजी खिलाड़ी और डीएसए सचिव विजय गुप्ता, संयुक्त सचिव नितिन गुप्ता, क्रिकेट कोच बदरूद्दीन सिद्दीक़ी, वित्त अधिकारी डॉक्टर कुशल पाल सिंह, कपिल गिल, प्रदीप टंडन, मोहम्मद हसीन मौजूद रहे।




# विधवा महिला के साथ जेठ ने मारपीट कर बुरी नियत से दबोचा महिला ने एसएसपी से की शिकायत

मौ.युसूफ-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- भगतपुर थाना क्षेत्र में विधवा महिला के साथ जेठ ने मारपीट कर बुरी नियत से दबोचा महिला ने एसएसपी से की शिकायत उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के भगतपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विधवा महिला ने अपने ससुराल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुरादाबाद एसएसपी को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है दरअसल दिए गए प्रार्थना पत्र में महिला ने बताया कि उसके पति का देहांत हो चुका है जिसके बाद से मेरा जेठ मोहम्मद रफी मुझे बुरी नियत रखते हैं महिला का कहना है कि दिनांक 8-12 2022 को मेरे जेठ ने मेरे साथ गलत काम करने तक की कोशिश की वही मेरे द्वारा विरोध करने पर उल्टा ही मेरे साथ मारपीट की इतना ही नहीं महिला का आरोप है कि मेरे ससुराल वाले मेरे हिस्से पर भी कब्जा करना चाहते हैं जिसको लेकर लगातार मेरे ससुराल पक्ष के लोग मुझे लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं वही इस संबंध में महिला ने अपने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मुरादाबाद एसएसपी को एक शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Meaning of being happy

Democratic logic, meaning and possibilities have been in favor of Sukhwinder Singh Sukhu, so the result of this election has given him the post of Chief Minister, support of the high command and trust of Himachal. The descent of Sukhu in the new government is preparing a new throne of Congress's pole, ground and patience, where a big sky of expectations, a big mountain of challenges and a big geography of regional balance can also be seen. The irony is that Shimla has seen a dirty phase of indiscipline within the party due to the struggle and uproar in which the Congress has emerged. This not only creates the need for change in the organization, but also sets the goals of the government. Unwanted incident of Shimla is telling loudly that how many borders and to what extent the issues of regionalism are stuck within Himachali politics.However, the flag of Sukhu's political practice is visible at its maximum height at this time, but for the first time, he has to go through a tough test of being established as the head of the government other than the organization. This is such a practical test of his political experience, which will be proved by good governance, self-reliance of the state, relationship with the center and reduction in unnecessary expenses of the government. Apart from the need for efficient policies, programs and departmental activism of the state, there is a need to bring quality in the present structure. For the first time in the history of Himachal Pradesh, the Congress is adding the stature of Mukesh Agrihotri by adding the post of Deputy Chief Minister with the Chief Minister. If this experiment fulfills the administrative need instead of any political solution, then the results can be in the interest of the state. Obviously, this is like a reward for Agrihotri's innings as Leader of the Opposition, which was synonymous with opposition to the Congress in front of the previous government. It is a matter of fact that the weight of the government has become relatively high in Hamirpur parliamentary constituency, which will now have to be balanced by departmental allocation of cabinet members in Kangra, Mandi and Shimla parliamentary constituencies. It will be the skill of the Sukhu government that the entire state should run at the same pace, otherwise the governments will come and go. Recently, all the exercises to change the customs have failed because of the regional imbalance in the formation of the BJP government. There too, apart from former Chief Minister Jairam Thakur, the state budget was limited to the ministries of heavyweight minister Mahindra Singh from Mandi itself, so it remains to be seen how much justice is done to Kangra in the shape and form of the Sukhu government. Despite giving the maximum number of seats, Kangra district neither voiced its expectations in the formation of the Congress government nor exerted pressure like Shimla. He has prepared the state level vision, address and convention. Any government post will have to run according to the state level expectations from the very first day, otherwise there will be a danger of losing eight ministers like the BJP government. energetic Chief Minister for the youth, he can develop his aura and this will not have to be done by new educational institutions, but by refining the existing structure, on the basis of quality. However, it has to be seen how far Sukhwinder Sukhu, who reached this far with the strength of the organization, now reaches with the reins of governance.

# 'Bhediya' rang alarm bells in Varun Dhawan's career, he was discharged from these films including 'Ikkis'



The career of director David Dhawan's son Varun, who was once called the discovery of producer-director Karan Johar, has come to that point after the failure of the film 'Bhediya', from where his path seems to be very difficult. Dinesh Vijan, the producer of 'Bhediya', has shown him the way out of his next film 'Ikkis'. Karan Johar's own company's film 'Mr Lele' has been closed and his another film 'Shuddhi' is also not known. After 'Bhediya', Varun Dhawan will also work in producer Dinesh Vijan's next film 'Ikkis'. Were about to do Not only this, Varun Dhawan's name was doing the rounds in 'Stree 2' too, but that too got hushed up and suddenly Varun Dhawan's name was dropped from 'Ikkis' as well and Bollywood megastar Amitabh Bachchan was in his place. Bachchan's grandson Agastya Nanda arrived. The story of the film 'Ikkis' is inspired by the life of Param Vir Chakra winner Second Lieutenant Arun Khetrapal. While the film is being produced by Dinesh Vijan, the film will be directed by Sriram Raghavan. Varun Dhawan has previously worked with director Sriram Raghavan in the film 'Badlapur'. Varun Dhawan was excited to work with Sriram Raghavan once again. But Amitabh Bachchan's grandson Agastya Nanda replaced Varun Dhawan. Before understanding this game, let's go back a bit. After 'Badlapur', director Sriram Raghavan wanted to work with Varun Dhawan in his film 'Andhadhun' as well. But Varun Dhawan turned down the offer to work in 'Andhadhun', then Sriram Raghavan made a film with Ayushmann Khurrana. Now when the box office collection of 'Bhediya' was not good, Sriram Raghavan replaced Varun Dhawan. Apart from this, Varun Dhawan was going to work in Karan Johar's film 'Mr Lele' and 'Shuddhi'. This film has been announced long back. But there is no update regarding the shooting of the film. Karan Johar later remade the film 'Mr Lele' with another name 'Govinda Naam Mera' and replaced Varun Dhawan with Vicky Kaushal.

# SRK reached the door of Maa Vaishno Devi before the release of Pathan, attended the court at midnight



These days in Bollywood, films are flopping one after the other. Makers and stars are very upset about this. He is doing all kinds of efforts and measures to make his films hit. According to media reports, Bollywood superstar Shah Rukh Khan has made an appearance in the court of Maa Vaishno along with some companions in the midnight. Let us tell you that Shah Rukh Khan's film Pathan is going to release this next month. On the other hand, Boycott campaign is also going on on social media for a long time. In such a situation, it is important for Shahrukh Khan to attend the court of mother Vaishno. Shahrukh Khan reached mother's court in the middle of the night-Recently, some pictures were revealed while worshiping Aamir Khan. In these photos, he was performing Aarti and Kalash Pujan with his wife Kiran Rao. The actor had applied Tilak on his forehead and Aamir Khan was seen worshiping at the production house. After Aamir, now Shah Rukh Khan also attended the court of Maa Vaishno with his friends in the middle of the night. During this, he had put on a mask and glasses on his face, so that no one could recognize him.

# पुलिस एकादश ने पत्रकार एकादश को 168 रनो से दी मात



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जनपद के पंडित गोविंद पंत स्टेडियम में पुलिस एकादश एवं पत्रकार एकादश के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। क्रिकेट मैच की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा सभी खिलाड़ियों से हाथ मिला करके जोश के साथ की गई। मैच में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा पुलिस एकादश के कप्तान अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा एवं पत्रकार एकादश के कप्तान श्री देवेश पाल सिंह के बीच सिक्का उछल कर टॉस कराया, जिसमें पुलिस एकादश के कप्तान श्री धनंजय सिंह कुशवाहा द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया गया, जिसमें एआरटीओ एटा श्री सत्येंद्र द्वारा बनाए गए 64 रनों की सहायता से पुलिस एकादश की टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खो कर 240 रन बनाये , इसके जवाब में बल्लेबाजी के लिए उतरी पत्रकार एकादश की टीम कुल 72 रन ही बना सकी। इस प्रकार पुलिस एकादश की टीम द्वारा 168 रनो से बड़ी जीत दर्ज की गई। एआरटीओ एटा श्री सत्येंद्र द्वारा खेले गई 40 गेंदों में 64 रनों की पारी एवं पत्रकार एकादश के 3 विकेट लेने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा उनको मैन ऑफ दी मैच के अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। मैच के दौरान मैच की कमेंट्री प्रभारी निरीक्षक रेडियो श्री शाहनवाज हुसैन व पत्रकार बंधु श्री मोहम्मद वारिस एवं अंपायरिंग श्री राजेश शर्मा पूर्व क्रिकेटर व साईं क्रिकेट एकेडमी के कोच श्री अखिल दीक्षित द्वारा की गई।

# जैथरा में पैर बांध कुत्ते को नदी में फेंका, चार पर केस

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जैथरा में पैर बांध कुत्ते को नदी में फेंका, चार पर केस  पालतू कुत्ते की हत्या पर पूर्व फौजी ने कराया मुकदमा  आरोपी बोले, आवारा कुत्ता हिंसक हो गया था, दूर छोड़ा मुकदमा दर्ज किया है। मामले में बारीकी से जांच होगी, जो दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। धनंजय कुशवाहा, एएसपी एटा, जैथरा में एक रोचक मामला सामने आया है। कसेला गांव के कुछ लोगों ने रिटायर्ड सैनिक के एक पालतू कुत्ते के पैर बांधकर उसे नदी में फेंक दिया। पूर्व फौजी ने नामजद आरोपियों पर कुत्ते की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। रिपोर्ट के अनुसार गांव कसेला के मजरा सिराऊ निवासी रामसरन सिंह सेना से सेवानिवृत्त हैं। उनका एक पालतू कुत्ता था। वह 15 नवंबर को गायब हो गया। काफी ढूंढ़ने के बाद भी वो नहीं मिला। इस पर उन्होंने रविवार को गांव के नीरज, विनोद, सुदीप और संजीत पर कुत्ते के पैर बांधकर नदी में फेंककर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत चार आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है। इधर, प्रधान रीतेश कुमार ने कहा, कुत्ता पालतू नहीं, आवारा था। बकरी, भैंस और एक दो लोगों को काट चुका है। परेशान ग्रामीणों ने उसे गांव से बाहर छोड़ दिया है। हत्या का आरोप गलत है।

## बेहतर प्रदर्शन के लिये किया पुरुस्कृत



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पंडित गोविंद पंत क्रीड़ा स्थल प्रांगण में पुलिस एवं पत्रकारों के बीच चले एकादश क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने बाले पुलिस टीम के कमांडर अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिहं कुशवाह एवं पत्रकार टीम के तेज तर्रार खिलाड़ी सुधीर यादव को आकर्षक उपहार से सम्मानित करती क्रांतिकारी पत्रकार टीम ।

# टूटने के कगार पर खड़े 01 परिवार को समझाकर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर निर्देशन में महिला थाना कैंपस नारी उत्थान केंद्र भवन में संचालित परिवार परामर्श केन्द्र आज दिनांक 12.12.2022 को आपसी मतभेदों के कारण टूटने के कगार पर खड़े 01 परिवार को समझाकर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया गया वादी- श्रीमती कृष्णा देवी पुत्री श्री वीरपाल सिंह निवासी हाल भरतपुरा थाना नारखी जिला फिरोजाबाद प्रतिवादी- बलराम पुत्र श्री भीकम सिंह निवासी काजी बढ़पुर थाना सकरौली जिला एटा की आपसी मतभेदों के कारण परिवार परामर्श केंद्र में पत्रावली प्रचलित थी दोनों परिवारों को परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलिंग कर समझाया गया दोनों परिवारों को अपनी पिछली गलतियों को मानते हुए साथ रहने के लिए राजी हुए आज की बैठक में प्रभारी निरीक्षक बेगराम सिंह उ0नि मंजीत सिंह काउंसलर डॉ श्यामलता वेद संजीव तिवारी नीलम गुप्ता पुलिस स्टाफ हेड कांस्टेबल मिथलेश पूजा मौजूद रहे।

# एस एस पी एटा दिशा-बोध कार्यक्रम में शिरकत कर छात्र छात्राओं को को किया संबोधित किया




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल एटा में विद्या भारती आगरा संकुल की कक्षा 12 के छात्र छात्राओं हेतु आयोजित दिशा बोध कार्यक्रम में शिरकत कर उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित किया गया। अपने संबोधन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा अपने जीवन के अनुभव छात्र-छात्राओं से साझा किए गए एवं छात्र जीवन में परिश्रम एवं दिशा बोध के महत्व को समझाते हुए बताया की को दिशाहीन परिश्रम से हम अपने लक्ष्यों को हासिल नहीं कर सकते हैं अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए हमें दिशा-बोध का होना बहुत आवश्यक है। दिशा बोध के लिए अच्छी संगत, गुरुओं का सानिध्य, सजग एवं जागरूक रहना परम आवश्यक है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा के वक्तव्य सुन प्रसन्नता प्रकट की गई एवं अपने जीवन के अनुभव साझा करने के लिए धन्यवाद दिया, एवं उनके द्वारा कही गई बातों को अपने जीवन में अपनाने की बात कही। इस मौके पर समस्त स्कूल स्टाफ सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# दो डिबार कॉलेज भी बोर्ड को भेजी सूची में किए शामिल

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- दो डिबार कॉलेज भी बोर्ड को भेजी सूची में किए शामिल बोर्ड को ऑनलाइन कोई भी विद्यालय अपने यहां मूलभूत सुविधाएं होने के संबंध में जानकारी अपलोड कर सकता है। परीक्षा केंद्र बोर्ड से बनाए जाएंगे। बोर्ड के बाद जिले में डिबार किए गए विद्यालयों की सूची है। मिथलेश कुमार, डीआईओएस, एटा यूपी बोर्ड परीक्षा 2022-23 के लिए केंद्र बनाने को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से बोर्ड को सूची भेजी गई है। सूची में बोर्ड परीक्षा में डिबार किए गए दो स्कूलों के नाम भी शामिल किए गए हैं। इनको परीक्षा के दौरान गड़बड़ी मिलने पर जेडी अलीगढ़ ने डिबार किया था। वर्ष 2022-23 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा की तैयारियां चल रही हैं। जिले में परीक्षा केंद्र बनाए जाने को मूलभूत सुविधाओं वाले स्कूलों की सूची बोर्ड को भेजी गई है। सूची में जिले के 351 विद्यालयों को शामिल किया गया है। इसमें राजकीय, सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन उन स्कूलों को शामिल किया गया है, जिनके पास परीक्षा आयोजन को जरूरी मूलभूत सुविधाएं मौजूद हैं। इसमें वर्ष 2020-21 बोर्ड परीक्षा में डिबार किए गए स्कलों के नाम भी शामिल हैं। इन दोनों स्कूलों के विरुद्ध परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग होने पाए जाने पर जेडी अलीगढ़ जितेंद्र कुमार मलिक ने एफआईआर दर्ज कराकर डिबार किया था। उसके बाद भी वर्ष 2022-23 की बोर्ड परीक्षा में केंद्र बनाने को भेजी गई ऑनलाइन सूची में इन दोनों विद्यालयों को शामिल किया गया है। इसके लिए डीआईओएस ने इन दोनों विद्यालयों के नाम भेजने की संस्तुति की है।

# जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल ने चौपाल लगाकर सुनीं जन समस्याएं

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जलेसर के ब्लॉक अवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत जरानी कलां के गाँव हँसपुर में जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल ने चौपाल लगाकर सुनीं जन समस्याएं एवं विकास कार्यों का लिया जायजा। स्वच्छ भारत मिशन एवं जल



जीवन मिशन योजनाओं के अंतर्गत ग्राम पंचायत में टंकी निर्माण, प्लास्टिक बैग, नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों में 31.50 लाख रुपये खर्च करने के अधीनस्थों को दिए निर्देश।*

# नशामुक्ति जागरूकता के लिए करंजी पुलिस ने निकाली रैली

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- दतिमा मोड़- पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशानुसार नशा से आजादी पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सोमवार को करंजी पुलिस के द्वारा विशाल जागरूकता रैली निकाल कर नशा मुक्ति की अपील की। रैली में बड़ी संख्या में भारत माता वाहिनी महिला समूह व करंजी हाईस्कूल स्कूली छात्राएं हाथ में जागरूकता तख्ती लेकर शामिल हुए। इस दौरान महिला समूह और छात्रों ने नारेबाजी के साथ आमजनों से नशे से दूर रहने की अपील की। रैली करंजी से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग, प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए सोहागपुर बाजार में समाप्त हुई। जागरूकता रैली में करंजी चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आज के युवाओं का नशे के प्रति आकर्षण अधिक होने और अपने कैरियर के प्रति जागरूक ना होने जैसी समस्या समाज में अधिक देखने को मिल रहा है। नशा करना बुरी बात है, इससे समाज व खुद के परिवार में बुरा प्रभाव पड़ता है। इस आदत को हमें दूर भगाना है और नशे से आजादी पाना है। समाज के हर वर्ग से नशा को मिटाने में सहयोग की अपील करते हुए नशामुक्ति अभियान में भागीदारी देने की अपील करते हुए कहा कि नशे के कारोबारियों की सूचना पुलिस को दी जाए। सूचना देने वाले का नाम व पता पूरी तरह से गुप्त रखा जायेगा। ज्ञात हो कि नशे से मुक्ति पखवाड़ा के प्रचार-प्रसार को लेकर करंजी चौकी पुलिस गांव, मोहल्लों, साप्ताहिक बाजारों, स्कूल, में जाकर जनचौपाल व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने व नशे से छुटकारा पाने की उपाय के संबंध में जानकारी दे रही है। जागरूकता कार्यक्रम में चौकी प्रभारी करंजी संजय गोस्वामी सहित प्रधान आरक्षक उमाशंकर कुशवाहा, नवीन सिंह, राजकुमार सिंह आरक्षक मितेश मिश्रा, मनोज सिरादर, इमरान खान, दीपक, सतनारायण सिंह, राजू तिवारी सैनिक प्रदीप गुप्ता, प्रवीण मिश्रा, साहिब गनी महिला समूह से अध्यक्ष इंद्रावती राजवाड़े, सोनमती राजवाड़े, साधना राजवाड़े, फुलेश्वरी, रानिया बाई उपस्थित रही।

# लैंगिक समानता लाने किया गया ग्राम नेवरी और जनपद पंचायत गौरेला के सभागार में कार्यशाला का आयोजन

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





जीपीएम- अभिभावकों को बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार करने दी गई सलाह जालसाजी से बचने सोशल मीडिया का करें सुरक्षित उपयोग कार्यशाला में करीब 300 महिलाएं हुए लाभान्वित जीपीएम पुलिस अधीक्षक श्री यू उदय किरण* के निर्देशन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री अशोक वाडेगांवकर के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास विभाग गौरेला के सहयोग से लिंग आधारित भेदभाव एवं महिलाओं पर हो रहे हिंसा के उन्मूलन हेतु कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत सभाकक्ष गौरला में किया गया कार्यक्रम में जिला महिला बाल विकास अधिकारी श्री अतुल परिहार के द्वारा महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा की महिलाएं शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बने और अपने बच्चों को शिक्षित व संस्कारी बनाएं ,बच्चों का दोस्त बने ताकि वे आपसे हर बात साझा कर आने वाली मुसीबतों से बच सकें महिला संरक्षण अधिकारी (बिलासपुर) श्रीमती सीमा गोस्वामी ने बताया कि घरेलू हिंसा दहेज प्रताड़ना से पीड़ित महिला जिले में संचालित महिला सेल संबंधित थाना या महिला बाल विकास में शिकायत कर सकती है एडवोकेट आकांक्षा तिवारी के द्वारा महिलाओं पर होने वाले विभिन्न अपराधों के बारे में जानकारी दी गई यातायात प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी ने महिलाओं एवं बच्चों पर हो रहे अपराध के बारे में बताते हुए सतर्क एवं जागरूक रहने की समझाइश दी गई साइबर सेल प्रभारी मनोज हनोतिया के द्वारा इंस्टाग्राम फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हो रहे जालसाजी के बारे में बताते हुए उससे बचने के उपाय बताएं महिला सेल प्रभारी सत्या सिंह ने राज्य शासन द्वारा लांच किया गया अभिव्यक्ति ऐप के उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं महिला आरक्षक रेशु गौतम द्वारा उपस्थितो को अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कराया गया इसी प्रकार ग्राम नेवरी नवापारा वासियों को पूर्व माध्यमिक शाला नेवरी नवापारा के प्रांगण में एकत्रित कर लैंगिक असमानता आधारित भेदभाव एवं महिलाओं पर हो रहे हिंसा उन्मूलन हेतु उचित कदम उठाने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही यातायात नियम साइबर अपराध अभिव्यक्ति ऐप के संबंध में जानकारी देते हुए अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कराकर उसकी उपयोगिता बताई गई। प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला नेवरी नवापारा के बच्चों को गुड टच बैड टच, पॉक्सो एक्ट, छेड़खानी से बचाव आदि के संबंध में समझाइस दी गई द्य

# प्राथमिक शाला रामगढ़ के समीप ट्रैक्टर पलटी, मौके पर दो की हुई दर्दनाक मौत

## खेत जोताई करने जा रहे थे





रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ओड़गी- क्षेत्र में एक बड़ा दर्दनाक सड़क हादसा हो गया । सोमवार सुबह जिले के ओड़गी विकास खंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत रामपुर में प्राथमिक शाला रामगढ़ के समीप ट्रैक्टर पलटने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है।

ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी अनुसार रामपुर निवासी सोमार साय राजवाड़े पिता अमरसाय उम्र 40 वर्ष अपने ट्रैक्टर को लेकर करीब सुबह 4.30 बजे खेत जोताई करने जा रहा था उसके साथ गांव का ही अर्जुन पंडो पिता जगसाय उम्र 42 वर्ष भी बैठा हुआ था। ट्रैक्टर जैसे ही प्राथमिक शाला रामगढ़ के समीप पहुंचा अनियंत्रित होकर पलट गया और दोनों टैक्टर के सामने वाले भाग में दब गए दबाने से दोनों की दर्दनाक मौत हो गई जिससे गांव व परिवार में चीख पुकार मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर थाना ओड़गी की पुलिस पहुंच गई । पुलिस शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। घटना से गांव में शोक का माहौल है।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराकर पलटी, जीएसटी अधिकारी की मौत




कन्नौज- आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर अचानक कुत्ता आने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। हादसे में कार का दरवाजा खुलने से जीएसटी अधिकारी सड़क पर जा गिरे। इससे उनकी मौत हो गई। जबकि उनका साथी घायल हो गया। अयोध्या जिले के थाना रौनाही निवासी 45 वर्षीय अब्दुल हादी खान सेल्स टैक्स ऑडिटर थे। वर्तमान में उनकी फैजाबाद में तैनाती थी। वह लखनऊ से नोएडा जा रहे थे। कार को अयोध्या जिले के थाना पूराकलंदर के गांव अंजना निवासी अनूप कुमार द्विवेदी पुत्र सुरेंद्र द्विवेदी चला रहे थे। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के किलोमीटर संख्या 176 तालग्राम थाना के मछैया गांव के पास बीच सड़क पर अचानक कुत्ता आ गया। इससे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार की खिड़की खुलने से अब्दुल हादी खान कार से नीचे गिरकर बुरी तरह से घायल हो गए। यूपीडा कर्मियों ने एंबुलेंस से तिर्वा स्थित मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। वहां पर डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कार चालक साथी अनूप द्विवेदी ने बताया पुलिस ने स्वजन को सूचना कर दी है।

# ना भूतो ना भविष्यति: पूरी दुनिया देखेगी काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण उत्सव, आज होगा भव्य और अद्भुत आयोजन




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण उत्सव सिर्फ काशी ही नहीं, पूरी दुनिया देखेगी। लोकार्पण उत्सव पर त्रैलोक्य के स्वामी भगवान शंकर की भव्य और अद्भुत बरात निकलेगी। मैदागिन से लेकर गंगा घाट तक कल यानी 13 दिसंबर को होने वाला उत्सव देश ही नहीं, दुनिया भर के श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। मिनी भारत कहलाने वाली काशी में राजराजेश्वर के धाम के लोकार्पण उत्सव पर होने वाले आयोजनों में सर्वसमाज की भागीदारी होगी। ना भूतो ना भविष्यति की तर्ज पर लोकार्पण उत्सव को भव्य बनाने की तैयारी है। विभिन्न आयोजनों में सर्वसमाज की भागीदारी होगी। प्रदेश सरकार के निर्देश पर मंदिर प्रशासन की ओर से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। बाबा विश्वनाथ का धाम वेदमंत्रों से गूंजेगा। कई संत, महात्मा और धर्माचार्य भी इस आयोजन के साक्षी बनेंगे। मंदिर प्रशासन की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम को बीते साल ही मूर्त रूप दे दिया गया है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और अधिकारियों की टीम ने दिन रात मेहनत करते हुए धाम को भव्य रूप प्रदान किया। 13 दिसंबर 2021 को पीएम मोदी के हाथों इसका लोकार्पण किया गया था। इसके बाद काशी में धार्मिक पर्यटन को मानो पंख लग गए हैं।

कभी मात्र तीन हजार वर्ग फुट क्षेत्रफल में फैला मंदिर परिसर आज लगभग पांच लाख वर्ग फुट के विशाल क्षेत्र में भव्य आकार ले चुका है। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण को एक वर्ष पूर्ण होने का उत्सव 13 दिसंबर को काशीवासी मिलकर मनाएंगे। आदिविश्वेश्वर शिव की नगरी में लोकार्पण उत्सव का उल्लास काशीवासियों के सिर चढ़कर बोलेगा। अस्सी से आदिकेशव घाट के बीच बसने वाला सर्वसमाज लोकार्पण उत्सव पर निकलने वाली शिव बरात में बराती होगा। इसमें मारवाड़ी, गुजराती, सिंधी, पंजाबी, दक्षिण भारतीय समाज सहित विदेशी मेहमान भी शामिल होंगे। मैदागिन से चितरंजन पार्क तक निकलने वाली शिव बरात में लाग विमान, लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां और झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी। शिव बरात समिति के दिलीप सिंह ने बताया कि लोकार्पण उत्सव के अवसर पर शिव बरात की यह नई परंपरा आरंभ हो रही है। बाबा विश्वनाथ से जुड़े उत्सव की यह दूसरी शिव बरात होगी, जो अब हर साल काशी में निकाली जाएगी। पहले लोकार्पण उत्सव को भव्य और दिव्य बनाने के लिए सर्वसमाज के साथ ही काशी की संस्थाओं, लोक कलाकारों को जोड़ा गया है।

आज काशीवासी जहां बाबा विश्वनाथ की शोभायात्रा निकालेंगे, वहीं मंदिर परिसर वेदमंत्रों से गुंजायमान होगा। मंदिर में हवन, पूजन से लेकर गोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेगी। शाम को पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल के भजनों की सुर सरिता में भक्त गोते लगाएंगे। आयोजन में साधु, संतों के अलावा काशी के गणमान्य लोगों को भी आमंत्रित किया गया है।मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील वर्मा ने बताया कि श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के एक साल पूरा होने पर 13 दिसंबर को 11 बजे से धाम में हवन पूजन का आयोजन किया गया है।

श्री काशी विश्वनाथ न्यास परिषद की अध्यक्षता में श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक प्रभाव विषय पर संगोष्ठी होगी।मंगलवार को मैदागिन से चितरंजन पार्क तक निकलने वाली शोभायात्रा में काशी की सड़कों पर लघु भारत का नजारा जीवंत होगा। शिवोत्सव में उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक की संस्कृतियों के विविध रंग एकाकार होंगे। एक हजार महिलाएं भी इस शोभायात्रा में शामिल होंगी।मैदागिन से शोभायात्रा आरंभ होगी। इसमें 35 झांकियों के साथ काशी की जनता, साहित्यकार, वकील, चिकित्सक के साथ ही सभी समाज के लोग शामिल होंगे। असम, सोनभद्र, बुंदेलखंड एवं गोरखपुर के लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। श्री काशी विश्वनाथ धाम के एक साल पूर्ण होने पर काशी में शिवोत्सव की शुरुआत हो रही है जो हर साल जारी रहेगी।

# विरोध में कफन ओढ़कर सोए वाराणसी के व्यापारी, जीएसटी कार्यालय में किया



उत्तर प्रदेश के कई जिलों में जीएसटी की छापेमारी का वाराणसी में व्यापारी संगठनों ने एकत्रित होकर अनोखे ढंग से विरोध किया। जीएसटी कार्यालय में कफन लपेट कर सो गए। सांकेतिक रूप से लाश बन कर जमकर नारेबाजी की। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में जीएसटी की टीमों ने व्यापारियों की दुकानों पर छापा मारा है। इस कार्रवाई को लेकर प्रदेश भर के व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। सोमवार को वाराणसी में सभी व्यापारी संगठनों ने एकत्रित होकर ने जीएसटी विभाग की इस कार्रवाई का अनोखे ढंग से विरोध किया। चेतगंज स्थित जीएसटी कार्यालय के मुख्य द्वार पर कफन ओढ़कर लेट गए। सांकेतिक रूप से लाश बन कर जमकर नारेबाजी की। विभागीय अधिकारियों पर दुर्व्यवहार और उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। वहीं, यह भी कहा कि ये लोग व्यापारियों को प्रदेश सरकार के खिलाफ भड़काने का काम कर रहे हैं। व्यापारियों ने मांग करते हुए कहा कि अधीकारियों द्वारा व्यापारियों का शोषण किया जा रहा है।

## व्यापारियों के प्रतिष्ठान में क्यों जा रहे जीएसटी अधिकारी

अगर जल्द से जल्द जीएसटी छापेमारी को नहीं रोक गया तो विरोध को और भी उग्र करते हुए प्रदर्शन किया जाएगा। यह सब छापेमारी, कार्रवाई और सर्वे सब कुछ अव्यवहारिक है। वाराणसी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा ने 100 से ज्यादा व्यापारियों के साथ जीएसटी विभाग के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि जब सारी व्यवस्था ऑनलाइन है तो जीएसटी अधिकारी व्यापारियों के प्रतिष्ठान में क्यों जा रहे हैं। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री योगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र से मांग उठाई कि मंत्री स्तर की कमेटी गठित करके जांच कराएं। जिससे व्यापारियों से दहशत और भय का माहौल खत्म हो।

# ओमप्रकाश राजभर बोले, सपा से लोग नाराज ही नहीं बल्कि नफरत करते हैं, नहीं दे रहे समर्थन



सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर का कहना है कि जनता सपा का समर्थन नहीं करती है। उनसे नफरत करती है। सपा व प्रसपा के विलय पर उन्होंने कहा कि यह कोई बड़ी बात नहीं है। सपा अगले 10 साल तक सत्ता में नहीं आएगी। सपा से लोग नाराज ही नहीं बल्कि नफरत भी करते हैं। यही कारण है कि सपा को आम समर्थन नहीं मिल पा रहा है। यह विचार सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने व्यक्त किया। वे अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र के सिझौली में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सपा से दूरी बनाने के बाद सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर सपा सुप्रीमो को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। सपा व प्रसपा के विलय पर ओपी राजभर ने कहा कि यह कोई बड़ी बात नहीं है। सपा से ऊबे लोग ही प्रसपा में गए थे, अब वही लोग लौट आए हैं।

# महाराष्ट्र के राज्यपाल ने आलोचनाओं पर गृह मंत्री शाह से मांगी मदद, शिवाजी-गडकरी की तुलना पर घिरे

महाराष्ट्र के राज्यपाल ने पिछले महीने मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज पर विवादास्पद टिप्पणी की थी, जिस को लेकर उन्हें आचोलनाओं का सामना करना पड़ा रहा है। साथ ही महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्र सरकार से उन्हें पद से हटाने की मांग की है। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की उनके विवादित बयानों को लेकर खूब आलोचना हुई, जिससे वह बैकफुट पर हैं। इस बीच उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर उनसे सलाह मांगी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कोश्यारी ने पत्र में कहा है कि जब वह सक्रिय राजनीति से हटना चाहते थे, तब उन्हें राज्यपाल की जिम्मेदारी सौंपी गई। अब उनकी आलोचना हो रही है। ऐसी में बताइए कि अब उन्हें क्या करना चाहिए।





## राज्यपाल कोश्यारी को हटाने की मांग

महाराष्ट्र के राज्यपाल कोश्यारी ने पिछले महीने मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज पर विवादास्पद टिप्पणी की थी, जिस को लेकर उन्हें आचोलनाओं का सामना करना पड़ा रहा है। साथ ही महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्र सरकार से उन्हें पद से हटाने की मांग की है।


## कोश्यारी का विवादित बयान

गौरतलब है कि महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी अपने बयानों से चर्चाओं में रहते हैं। पिछले महीने उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज को एक विवादास्पद टिप्पणी की थी। कोश्यारी ने कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज पुराने युग की बात है।

बाबासाहेब अंबेडकर से लेकर नितिन गडकरी तक अब लोगों के लिए नए आदर्श बन सकते हैं। इससे पहले, उन्होंने कहा था कि अगर मुंबई से गुजरातियों और राजस्थानियों को हटा दिया जाए तो शहर के पास न तो पैसे रहेंगे और न ही वित्तीय राजधानी का तमगा। उनके इस बयान पर खूब विवाद हुआ था। हालांकि, बाद में उन्होंने इसके लिए माफी मांग ली थी।

# सदन में जाति और धर्म किया तो होगी कार्रवाई, लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने सदस्यों को दी चेतावनी

अध्यक्ष ओम बिरला ने आपत्ति जताई और सांसद एआर रेड्डी को चेतावनी दी कि अगर सदस्य सदन में जाति और धर्म के आधार पर चर्चा करेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों ने अपनी जाति और धर्म के आधार पर सदस्यों को लोकसभा के लिए नहीं चुना है।संसद में मानसून सत्र चल रहा है, जिसको लेकर सरकार और विपक्ष एक दूसरे पर खूब शब्दों के बाण चला रहे हैं। लेकिन कोई शब्द किसे कहां आघात कर दे इसका समय पक्का नहीं है। ऐसा ही सोमवार को देखने को मिला जब एक सांसद ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर आरोप लगा दिया कि उन्होंने अपने भाषण में जाति से संबंधित टिप्पणी की है। हालांकि इस मामले पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आपत्ति जताई और सांसद एआर रेड्डी को चेतावनी दी कि अगर सदस्य सदन में जाति और धर्म के आधार पर चर्चा करेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों ने अपनी जाति और



धर्म के आधार पर सदस्यों को लोकसभा के लिए नहीं चुना है। दरअसल हुआ ये था कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रेड्डी के सवाल का जवाब देते हुए कहा था कि सदस्य तेलंगाना से आते हैं और कह रहे हैं कि उनकी हिंदी कमजोर है, पूछे गए सवाल का जवाब वे भी %कमजोर हिंदी% में देंगी। इसके बाद सांसद रेड्डी ने आरोप लगाया कि वित्त मंत्री ने निचली जाति को लेकर टिप्पणी की जो कि गलत है। इसके बाद अध्यक्ष ओम बिरला ने चेतावनी देते हुए कहा कि यहां किसी को भी सदन में इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। अन्यथा मुझे ऐसे सदस्य के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ेगी।

इससे पहले रेड्डी रुपये के मूल्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली टिप्पणी का हवाला देते हुए सवाल पूछना शुरू किया तो ओम बिरला ने उनको टोका इसके बाद सासंद रेड्डी ने लोकसभा अध्यक्ष से कहा कि आप मुझे ऐसे नहीं रोक सकते। अध्यक्ष ने उनकी टिप्पणी पर आपत्ति जताई और उन्हें सिर्फ सवाल पूछने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी से पार्टी के सदस्यों को यह समझाने के लिए कहा।

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने अनिल देशमुख को पहले दी जमानत, फिर 10 मिनट बाद ही लगा दी रोक



बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को भ्रष्टाचार के एक मामले में महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को पहले तो जमानत दे दी लेकिन 10 मिनट के भीतर ही इसपर रोक लगा दी। महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख की जेल से बाहर निकलने की उम्मीद एक बार फिर से टूट गई। इस बार जमानत भी मिल गई लेकिन छ्ब्प्ठ की आखिरी दलील ने 10 मिनट के भीतर खेल पलट कर रख दिया। दरअसल, देशमुख को बेल मिलने के बाद सीबीआई ने हाईकोर्ट के सामने सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही जिसके बाद अदालत ने उन्हें अनुमति दे दी और इस संदर्भ में खुद के आदेश पर 10 दिनों के लिए रोक लगा दी। बता दें कि देशमुख लगभग 13 महीनों से न्यायिक हिरासत में बंद हैं। देशमुख एक ही आरोप से उत्पन्न दो जांचों में उलझे हुए हैं - एक केंद्रीय जांच ब्यूरो ( छ्ब्प्ठ ) द्वारा भ्रष्टाचार के अपराध के लिए और दूसरा प्रवर्तन निदेशालय ( श्वष्ठ ) द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध के लिए। हालांकि देशमुख को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने 4 अक्तूबर को जमानत दे दी थी। लेकिन सीबीआई वाले मामले में, विशेष अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था और उसी को देशमुख ने उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी थी। देशमुख के वकील ने दिए ये तर्क- वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी और देशमुख की ओर से पेश अधिवक्ता अनिकेत निकम ने तर्क दिया कि चूंकि दोनों मामले जुड़े हुए हैं और चूंकि देशमुख को ईडी मामले में जमानत दी गई थी, इसलिए उन्हें सीबीआई मामले में जमानत दी जानी चाहिए। चौधरी ने तर्क दिया कि देशमुख ने कथित रूप से एक अपराध करने के लिए एक वर्ष से अधिक समय व्यतीत किया है इसलिए अब उन्हें जमानत मिलनी चाहिए। वहीं अधिवक्ता अनिकेत निकम ने कहा कि हमने अदालत में स्वास्थ्य के आधार पर बहस की। उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा था और हमने अदालत के समक्ष उनके स्वास्थ्य रिकॉर्ड पेश किए। लेकिन सीबीआई ने इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही। जिसके बाद अदालत ने उन्हें अनुमति दे दी और इस संदर्भ में 10 दिनों के लिए आदेश पर रोक लगा दी। सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने किया जमानत का विरोध- वहीं सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि मंत्री उच्चतम स्तर के भ्रष्टाचार में शामिल थे जिसने राज्य में शासन को प्रभावित किया। सिंह ने यह भी तर्क दिया कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दी गई जमानत विधेय अपराध ( इस मामले में, भ्रष्टाचार मामले ) में जमानत देने का आधार नहीं हो सकती है। सिंह ने बताया कि देशमुख को सीबीआई की प्राथमिकी को रद्द करने और डिफॉल्ट जमानत की मांग करने वाली याचिकाओं में राहत देने से इनकार कर दिया गया था। सिंह ने यह आशंका भी जताई कि एक प्रभावशाली व्यक्ति होने के नाते देशमुख मामले में लंबित जांच में हस्तक्षेप कर सकते हैं। जमानत के लिए अब नवाब मलिक पहुंचे बॉम्बे हाईकोर्ट- महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक ने भी भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों से जुड़े एक भूमि सौदे से संबंधित कथित धन शोधन के एक मामले में जमानत के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। वकील तारक सैयद और कुशल मोर के जरिए मलिक ने यह याचिका दायर करवाई है। उच्च न्यायालय ने मामले पर मंगलवार को सुनवाई करेगा। इससे पहले 30 नवंबर को एक विशेष अदालत ने मामले में मलिक की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने इस साल फरवरी में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ( राकांपा ) के नेता मलिक को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में हैं और अभी उनका यहां के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।